## महत्वपूर्ण एवं खास

### वर्चुअल डाक अदालत का आयोजन 20 अगस्त को

**रायगढ़ ।** भारतीय डाक विभाग सदैव से ही अपने ग्राहकों को उच्च स्तर की सेवायें प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है फिर भी कई बार कुछ कारणवश डाक सेवाओं में कमियां रह जाती है, जिसकी विभाग को शिकायतें मिलती रहती है। जिनका त्वरित निपटान करने का प्रयास किया जाता है साथ ही शिकायतों के निपटान हेतु डाक अदालत का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में भारतीय डाक विभाग के रायगढ़ संभाग द्वारा 20 अगस्त 2021 को पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय अधीक्षक डाकघर, पंजाब नेशनल बैंक के पास, अनाथालय रोड रायगढ़ में वर्चुअल डाक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभागीय अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं से काउंटर सेवा, बचत बैंक, मनी आर्डर, स्पीड पोस्ट, डाक जीवन बीमा इत्यादि में आने वाली समस्याओं को लेकर चर्चा की जाएगी। इच्छुक उपभोक्ता डाक सेवा से संबंधित अपनी शिकायत पूर्ण विवरण (शिकायतकर्ता का नाम, पता, मोबाइल नंबर)के साथ अधीक्षक डाकघर, रायगढ़ संभाग रायगढ़, अनाथालय रोड, रायगढ़ को 13 अगस्त 2021 या उससे पहले भेज सकते है।

### अनियंत्रित ट्रेक्टर तालाब में पलटी एक युवक की हुई मौत

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के पखांजुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत देवपुर के तालाब में एक ट्रेक्टर के अनियंत्रित होकर सीधे तालाब में पलट जाने से ट्रेक्टर चालक युवक निशिदा दत्ता उम्र 36 वर्ष की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक निशिदा दत्ता पिता संतोष दत्ता अपने निजी ट्रेक्टर से अपने रिश्तेदार के खेत की जुताई करने गया था। कार्य सम्पन्न कर आज वापस अपने घर लौट रहा था, तभी ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर सीधे तालाब में जाकर पलट गई, इस दुर्घटना में युवक मौत हो गई है। आसपास खेतो में काम कर रहे किसानो के द्वारा युवक को बचाने के लिए काफी जद्दोजहद के बाद करीबन 10 से 15 मिनट के बाद युवक को तलाब से बाहर निकालकर युवक को पखांजुर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया जहा डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नक्सलियों ने पुलिस पर भीमा की हत्या करने का लगाया आरोप

**सुकमा (आरएनएस)।** नक्सलियों के दक्षिण बस्तर डिविजनल कमेटी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर चिंतागुफा थाना क्षेत्र के ग्राम पद्दीगुड़ा में 25 तारीख की रात 12 बजे पुलिस के द्वारा कुंजाम भीमा का घर को घेरकर बंधक बनाकर जंगल ले जाकर भीमा की हत्या करने का आरोप लगाया है। प्रेस विज्ञप्ति में नक्सलियों ने कुंजाम भीमा को साधारण ग्रामीण बताते हुए खेतीबाड़ी करने वाला बताया है। नक्सलियों का कहना है कि 24 जुलाई से सुकमा जिला में चिंतागुफा , मिनपा थाना पुलिस एवं अर्ध सैनिक बल मिलकर रंगईगुड़ा, ताड़मेटला में संयुक्त आपरेशन चलाया, इस आपरेशन के दौरान 25 जुलाई के रात 12 बजे पद्दीगुड़ा कुंजाम भीमा के घर ग्रामीणों के सामने, जनता प्रतिरोध करने से भी भीमा को घसिटकर जंगल ले जाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। इस घटना को पुलिस झूठी कहानी बनाकर पुलिस और नक्सली के बीच मुठभेड़ होने का दावा कर एक एसएलआर मेगजीन मिला बताकर मीडिया में झूठा प्रचार करने का आरोप लगाया है।

### राज्य ओपन स्कूल की हायर सेकण्डरी परीक्षा के परिणाम आज होंगे घोषित

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकण्डरी मुख्य/अवसर परीक्षा 2021 का परीक्षा परिणाम कल 31 जुलाई को दोपहर 12 जारी किया जायेगा। परीक्षा परिणाम स्कूल शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, के द्वारा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाईन जारी किया जायेगा।

# छत्तीसगढ़ में महाविद्यालयों द्वारा नैक से मूल्यांकन कराने में 5 गुना की हुई वृद्धि

**» उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने नैक की समीक्षा बैठक ली**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में महाविद्यालयों द्वारा नैक से मूल्यांकन कराए जाने में 05 गुना की वृद्धि हुई है, जो प्रदेश के उच्च शिक्षा के गुणवत्ता उन्नयन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह जानकारी आज 30 जुलाई को उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल की अध्यक्षता में आयोजित नैक की समीक्षा बैठक में दी गई।

बैठक में बताया गया कि उच्च शिक्षा मंत्री श्री पटेल द्वारा विगत माह फरवरी में नैक की समीक्षा के दौरान दिए गए निर्देशों पर अमल करते हुये उच्च शिक्षा विभाग अभासीय पटल पर सतत् कार्यशालायें आयोजित कर



तथा भौतिक रूप से संभाग एवं जिला स्तर पर कार्यशालायें आयोजित करने के परिणाम स्वरूप माह जुलाई में 78 शासकीय महाविद्यालयों ने आई.आई.क्यू.ए. एवं 30 शासकीय महाविद्यालयों ने एस.एस.आर. नैक के पोर्टल में जमा किया है, जो कोरोना संकट के विषम परिस्थिति तथा समय में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उच्च शिक्षा मंत्री श्री पटेल ने बैठक में संपूर्ण टीम को प्रगति के लिए बधाई दी।

गौरतलब है कि माह फरवरी में प्रदेश के नैक से मूल्यांकन हेतु अर्हता प्राप्त 170 शासकीय महाविद्यालयों में से 16 महाविद्यालयों द्वारा आई. आई. क्यू. ए. एवं 07 महाविद्यालयों द्वारा एस.एस.आर. नैक में जमा किया गया था।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री पटेल द्वारा विगत माह फरवरी में राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, कुलसचिवों, संभागीय अपर संचालकों एवं अग्रणी महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक में नैक से महाविद्यालयों का मूल्यांकन एवं प्रत्यायन मिशन मोड पर कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसमें मूल्यांकन की कार्ययोजना तैयार कर विश्वविद्यालयों को अग्रणी भूमिका निभाते हुए वर्ष 2022 तक प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों का नैक से मूल्यांकन एवं प्रत्यायन कराने के लिए कहा गया था। उन्होंने बैठक में सेमिनार, प्रशिक्षण इत्यादि आयोजित कर सभी को दक्ष बनाने पर जोर दिया था। उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल द्वारा गहन निगरानी व मॉनीटरिंग पर जोर देते हुये त्रिस्तरीय टीम का गठन संचालनालय, विश्वविद्यालय और जिला स्तर पर करने हेतु निर्देश दिए गए थे।

बैठक में अवगत कराया गया कि शासकीय महाविद्यालयों के नैक से मूल्यांकन में सरगुजा एवं बिलासपुर संभाग ने बेहतर प्रदर्शन किया है। सरगुजा संभाग के 33 अर्हता प्राप्त शासकीय महाविद्यालयों में से 30 के द्वारा आई.आई.क्यू.ए. एवं बिलासपुर के 45 अर्हता प्राप्त शासकीय महाविद्यालयों से 26 महाविद्यालय द्वारा आई.आई.क्यू.ए. नैक में जमा किया जा चुका है। उक्त दोनों संभागों की कार्यप्रणाली को प्रदेश के अन्य संभागों में भी अनुकरण करने पर विभाग द्वारा निर्देश दिये गये। उच्च शिक्षा मंत्री ने नैक से मूल्यांकन कराए जाने को महत्वपूर्ण बताते हुये यह कहा कि उच्च शिक्षा में बेहतर सोच व बेहतर गुणवत्ता का पैमाना नैक से मूल्यांकन है। उन्होंने शेष सभी महाविद्यालयों को भी नैक से मूल्यांकन शीघ्र सुनिश्चित करने के लिए कहा।

उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा 1994 में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् का गठन किया गया है। जिसे नैक के नाम से जाना जाता है, जो कि एक स्वशासी संस्था है। जिसका मुख्यालय बेंगलूरू में स्थित है। नैक के द्वारा गठित निरीक्षण दल में विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्राध्यापक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य सदस्य के रूप में नामित किये जाते हैं, जो उच्च शिक्षण संस्थाओं का नैक के द्वारा निर्धारित 7 मानदंडों के आधार पर मूल्यांकन करते है। नैक के द्वारा मूल्यांकित किये जाने से उच्च शिक्षण संस्थानों को उनकी क्षमता, कमियाँ, अवसर एवं चुनौतियों को जानने का मौका मिलता है, नैक से मूल्यांकन कि समस्त प्रक्रिया में विद्यार्थी को केन्द्र में रखकर मानदंड तैयार किये गये है।

## नक्सली कमांडर निवोद की कोरोना बीमारी से हुई मौत

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** नक्सलियों के दरभा डिवीजनल कमेटी के सचिव साईनाथ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नक्सली कमांडर हुंगा हेमला ( निवोद ) की मौत 20 जुलाई 2021 को गांभीर बीमारी के कारण मौत होने की जानकारी दिया है। नक्सली हुंगा हेमला (निवोद )1996 से लेकर 2021 जुलाई तक पूरे 25 वर्ष तक नक्सली संगठन में सैनिक कार्रवाई को अंजाम देने में माहिर नक्सली विनोद की मौत से दरभा डिवीजन आंदोलन के लिए बहुत नुकसान होने की बात स्वयं स्वीकार किया है। ज्ञात हो कि दंतेवाड़ा एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने पहले ही नक्सली विनोद को कोरोना होने तथा गंभीर रूप से बीमार होने की जानकारी सार्वजनिक किया था, आत काफी हद तक यह सही साबित हो रहा है। नक्सली विनोद को कोरोना होने का पुलिस ने दावा किया था। जिसे नक्सलियों के दरभा डिवीजन कमेटी ने नकारते हुए नक्सली विनोद मौत कोरोना महामारी से नहीं होने, तथा दूसरी बीमारी से होना बताया है। दरभा डिवीजन कमेटी ने नक्सली विनोद के मौत के लिए पुलिस प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि नक्सली विनोद के बीमार होने की जानकारी प्राप्त कर पुलिस वालों ने अस्पताल जाने की रास्तो में अस्पतालों में पुलिस के तैनाती से अस्पताल नही ले जा पाने की बात स्वीकारा है। इसलिए समय पर इलाज नही मिलने के कारण नक्सली विनोद की मौत हुई है।

## शासकीय और निजी स्कूलों में कक्षा 10वीं और 12वीं की कक्षाएं 2 अगस्त से संचालित होंगी

**» छठवीं, सातवीं, नौंवीं और ग्यारहवीं की कक्षाएं संचालित नहीं होंगी**

**रायपुर।** राज्य शासन के आदेशानुसार स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत सभी शासकीय और निजी स्कूलों में 10वीं और 12वीं की कक्षाएं सोमवार 2 अगस्त से संचालित होना प्रारंभ हो जाएगा। इसी प्रकार कक्षा 6वीं, 7वीं, 9वीं और 11वीं को छोड़कर शेष सभी कक्षाएं अर्थात् कक्षा पहली से लेकर 5वीं और 8वीं की कक्षाएं भी 2 अगस्त से संचालित होंगी। यह सभी कक्षाएं उन जिलों में



प्रारंभ की जा रही है, जहां कोरोना पॉजिटिविटी दर पिछले 7 दिनों में एक प्रतिशत तक हो।

राज्य शासन के निर्णय अनुसार सभी प्रायमरी स्कूलों में कक्षा पहली से लेकर 5वीं तक तथा मीडिल स्कूल में कक्षा 8वीं के संचालन के पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए संबंधित ग्राम पंचायत और स्कूल की पालन समिति की अनुशंसा आवश्यक होगी। शहरी क्षेत्रों के लिए संबंधित वार्ड पार्षद और स्कूल की पालन समितियों की अनुशंसा जरूरी है। हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में 10वीं और 12वीं की कक्षाएं संचालित करने के लिए ग्राम पंचायत या नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों सहित पालन समिति की अनुशंसा की आवश्यकता नहीं होगी।

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव और आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय डॉ. कमलप्रीत सिंह ने बताया कि राज्य शासन के निर्णय अनुसार वर्तमान में 6वीं, 7वीं, 9वीं और 11वीं की ऑफ्लाईन कक्षाएं प्रारंभ नहीं की जा रही हैं। भविष्य में इन कक्षाओं को संचालित करने का निर्णय राज्य शासन द्वारा जिलों में कोरोना पॉजिटिविटी दर में निरंतर संभावित गिरावट और उसके प्रसार के सम्यक आंकलन पश्चात् यथा समय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य में इन ऑफ्लाईन (प्रत्यक्ष रूप से संचालित) कक्षाओं के अलावा सभी स्तर की ऑनलाईन कक्षाएं पूर्व की भांति संचालित होती रहेंगी।

## इंद्रावती टाइगर रिजर्व में 5 बाघों की पुष्टि, 10 से 12 बाघ की मौजूदगी के मिले प्रमाण

**» मौजूद बाघों में कम से कम दो बाघिन सहित एक छोटे कद का देखा गया**

**बीजापुर (आरएनएस)।** इंद्रावती टाइगर रिजर्व में अभी पांच बाघों की पुष्टि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण अभिकरण देहरादून ने की है। हालांकि यह आंकड़ा इससे भी ज्यादा हो सकता है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघों के कैमरों में ट्रैप करने का सिलसिला वर्ष 2020 से शुरू हुआ। टाइगर रिजर्व क्षेत्र में एक के बाद एक बाघ ट्रैप होने लगे और करीब पांच अलग-अलग बाघ कैमरों में ट्रैप हुए। अधिकारियों के मुताबिक यहां करीब 10



से 12 बाघों की मौजूदगी का पता लगाया गया है, इसमें एक छोटे कद बाघ देखा गया है। टाइगर रिजर्व के अधिकारी मान रहे हैं कि यह देश में अपनी तरह का इकलौता बाघ है। जिले के 1258 वर्ग किमी में फैले इंद्रावती नेशनल पार्क की स्थापना 1981 में हुई थी, इसे 1983 में बाघ परियोजना से जोड़ा गया। पहले यहां बाघों की संख्या काफी थी लेकिन हाल ही के सालों में इनकी संख्या में गिरावट आई। वर्ष 2020 में 03 मार्च को फिर वर्ष 2020 में 30 सितंबर की रात को और 11 मई 2020 की दोपहर को, 12 दिसंबर 2020 की रात 08 बजे और 03 मार्च 2021 की रात को अलग-अलग ट्रैप कैमरों में अलग-अलग 10 से 12 बाघों की मौजूदगी की तस्वीर आई हैं। इसमें ऐ छोटे कद के बाघ की तस्वीर भी है। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) के अधिकारियों ने स्थानीय टाइगर रिजर्व को बताया कि छोटे कद का बाघ किसी विशेष प्रजाति का लग रहा है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व के उप संचालक डीके मेहर ने बताया कि 2018 में तीन मल के तीन सेंपल भेजे गए थे, और फिर इसके बाद पांच सेंपल भेजे गए। इनमें पांच बाघों की पुष्टि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण अभिकरण ने कर दी है, उन्होंने बताया कि इनमें से कम से कम दो बाघिन सहित एक छोटे कद के बाघ देखा गया है। छोटे कद का बाघ कौन सी प्रजाति का है, इसे लेकर कई रिसर्च चल रहा है।

## प्रदेश में बीते सप्ताह संक्रमण की औसत दर 0.42 प्रतिशत रही

**रायपुर ।** प्रदेश में कोरोना संक्रमण की दर और घटकर 29 जुलाई की स्थिति में 0.32 प्रतिशत पर पहुंच गई है। विगत 29 जुलाई को प्रदेश भर में हुए 40 हजार 501 सैंपलों की जांच में 130 लोग पॉजिटिव पाए गए। 29 जुलाई को कोरोना से एक भी मौत नहीं हुई है। कोरोना मरीजों के स्वस्थ होने और रोज कम संख्या में नए मरीज मिलने के कारण कोविड-19 के सक्रिय मामले भी तेजी से घट रहे हैं। राज्य में अभी सक्रिय मरीजों की संख्या 2086 है। बीते सप्ताह 23 जुलाई से 29 जुलाई के बीच प्रदेश में कोरोना संक्रमण की औसत दर 0.42 प्रतिशत रही है। इस दौरान संक्रमण की दर 23 जुलाई को 0.39 प्रतिशत, 24 जुलाई को 0.46 प्रतिशत, 25 जुलाई को 0.5 प्रतिशत, 26 जुलाई को 0.51 प्रतिशत, 27 जुलाई को 0.33 प्रतिशत, 28 जुलाई को 0.45 प्रतिशत और 29 जुलाई को 0.32 प्रतिशत रही है। विगत सप्ताह प्रदेश भर में कोविड-19 से कुल 13 लोगों की मृत्यु हुई है। इनमें कोमोरबिडिटी वाले नौ मरीज भी शामिल हैं। बीते सप्ताह प्रदेश भर में कुल दो लाख 43 हजार 063 सैंपलों की जांच में 1018 कोरोना संक्रमित पाए गए।

## मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना अंतर्गत 13 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ द्वारा ऋण लेकर स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने वाले इच्छुक आवेदकों से 13 अगस्त 2021 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। उक्त योजनान्तर्गत आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अजा, अजजा, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, निःशक्तजन, नक्सल प्रभावित एवं सेवानिवृत्त सैनिको को आयु सीमा में 5 वर्ष छूट की पात्रता होगी। आवेदक को निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों के साथ नियत तिथि तक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ में दो प्रतियों में जमा करना होगा।




प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत अधिकतम स्वीकार्य लागत, निर्माण एवं उद्योग इकाईयों हेतु 25 लाख, सेवा इकाईयों हेतु 10 लाख एवं व्यवसाय हेतु 2 लाख रुपए है। इसके लिए आवेदक को न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना जरूरी है। उद्योग एवं सेवा परियोजना में स्वीकृत ऋण पर लगने वाला बैंक गारंटी शुल्क तथा आगामी 4 वर्षो के लिए अधिरोपित वार्षिक सेवा शुल्क का भुगतान शासन द्वारा दिया जाएगा तथा नियमानुसार ब्याज अनुदान एवं मार्जिन मनी अनुदान देय होगा। कोई भी व्यक्ति अथवा उनके परिवार के सदस्य जो पूर्व में भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत अनुदान प्राप्त कर लाभान्वित हुए है वह इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। इस संबंध में अन्य जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति कार्यालयीन समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु० सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## हाट-बाजार की बन रही नई पहचान, यहां खरीददारी के साथ अब होता है निःशुल्क इलाज

**» मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना से ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच हुई आसान**

**रायगढ़ ।** ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट-बाजार की अब नई पहचान उभर कर आ रही है। यहां खरीददारी के लिए आने वाले ग्रामीणों को मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना से निःशुल्क इलाज भी मिल रहा है। जिसने ग्रामीण अंचल में न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच को आसान बनाया है बल्कि ग्रामवासियों को



अपने सेहत के प्रति पहले से ज्यादा सजग व जागरूक बनाया है। जिससे बीमारियों की सही समय पर पहचान हुआ व उसका उपचार भी ले पा रहे है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संवेदनशील पहल करते हुये मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार कर सुदूर ग्रामीण अंचल के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। हाट-बाजार क्लिनिक योजना जिले के ग्रामीण अंचलों के लोगों के लिए एक पंथ दो काज साबित हुआ। छोटी-मोटी बीमारियों के साथ मौसमी रोगों के इलाज के लिए अब उन्हें दूर अस्पतालों में जाना नहीं पड़ता है। यहां ग्रामीणों को अब खरीददारी के साथ-साथ निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है। इससे ग्रामवासी भी अपने सेहत के प्रति ज्यादा सजग व जागरूक हो रहे है। साप्ताहिक हाट-बाजार में लगने वाले स्वास्थ्य शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, सिकलसेल, एनीमिया, हिमोग्लोबिन, मलेरिया, टाईफाईट, टीबी, एचआईजी टेस्ट, शिशु टीकाकरण, नेत्र विकार परीक्षण, डायरिया की जांच, उपचार एवं दवाई निःशुल्क प्रदान किया जाता है। इसके अलावा यदि कोई ग्रामीण किसी प्रकार की गंभीर बीमारी से ग्रसित है तो उसे बेहतर इलाज के लिए अस्पताल भेजने को सुविधा भी उपलब्ध है। रायगढ़ जिले में अभी तक लगभग 20 हजार मरीजों का इलाज हाट-बाजार क्लिनिक योजना के माध्यम से हुआ है। कोरोना के कारण पिछले कुछ समय से बंद चल रहे हाट-बाजार क्लिनिक को पुनः शुरू किया गया है। जिसका लाभ ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों के इलाज में मिल रहा है।